वर्ष- 21 अंक - 272 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

इंदौर, गुरुवार 19 मार्च 2026






आज से चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष शुरू

# कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से शेयर बाजार धड़ाम

मुंबई ● एजेंसी

ईरान-अमेरिका जंग के कारण कच्चे तेल के भाव बढ़ने से आज शेयर बाजार औंधे मुंह गिर गया और तीन दिन से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। सेंसेक्स अपने पिछले बंद 76,704 की तुलना में फिसलकर 74,750 पर ओपन हुआ और फिर शुरुआती कुछ मिनटों में ही ये गिरकर 74,685 तक टूट गया। सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर चलते एनएसई निफ्टी का भी ऐसा ही बुरा हाल नजर आया और ये अपने पिछले बंद 23,777 की तुलना में बड़ी गिरावट लेकर 23,197 पर खुला।

## अयोध्या में आज राष्ट्रपति करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

**अयोध्या.एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में शुभ अभिजीत मुहूर्त पर श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख सदस्यों के अलावा विदेशियों सहित 7 हजार मेहमान मौजूद रहेंगे।

# धार में सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने चाकू से रेता अपना गला

## *पहले किए थे हाथ पर वार*



**धार.एजेंसी।** शहर के आनंद चौपाटी क्षेत्र में आज सुबह खून से लथपथ शव मिला। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो पता चला कि युवक ने खुद पर चाकू से हमला किया और गला भी रेता। अत्यधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आनंद चौपाटी के पास रहने वाले 35 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर कुणाल जोशी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक कुणाल शराब का आदी और मानसिक रूप से परेशान था। घटना स्थल से एक चाकू जब्त किया गया है। कुणाल ने बीच सड़क पर अपने गले के अलावा हाथ और अन्य जगहों पर भी चाकू से वार किए।

# मुंबई से गुजरात तक बम की धमकी

## कानपुर रेल मार्ग पर धमाके से हड़कंप

**गुरुवार.एजेंसी.** मुंबई में बीकेसी स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। उधर गुजरात में एक बार फिर ईमेल भेजकर कई महत्वपूर्ण जगहों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसमें अहमदाबाद के स्कूलों और मुंद्रा पोर्ट के साथ गुजरात विधानसभा का नाम शामिल है। कानपुर सेंट्रल के पास दिल्ली-प्रयागराज रूट पर एक छोटा एलपीजी सिलेंडर फटने से हड़कंप मच गया। पुलिस को मौके से मिले बैग और आधार कार्ड के आधार पर यात्री की तलाश की जा रही है। आशंका है कि गैस लीक होने पर इसे ट्रेन से फेंका गया था।

## भाजपा के सम्राट होंगे बिहार के नए चौधरी

**जमुई.एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए चुन लिए गए हैं। अब उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। उनकी जगह मुख्यमंत्री कौन होगा इसका संकेत खुद नीतीश कुमार ने जमुई की एक सभा में दिया। उन्होंने भाजपा नेता सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखकर कहा– आगे यही सब काम करेंगे।

## भाजपा नेता को महिला ने जड़ा थप्पड़, चप्पल भी निकाली

महाराजगंज ● एजेंसी



**उत्तरप्रदेश में महराजगंज के भाजपा कार्यालय के अंदर कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने पैसे के विवाद में एक पदाधिकारी को थप्पड़ मार दिया और चप्पल लेकर दौड़ पड़ी। महिला का आरोप है कि उसने एलआईसी पॉलिसी के नाम पर करीब साढ़े चार लाख रुपये दिए थे, लेकिन वह रकम संबंधित व्यक्ति द्वारा जमा नहीं की गई।**

## गैस सिलेंडर नहीं मिला तो मायके चली गई पत्नी

**मैनपुरी.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में मैनपुरी जिले के बेवर कस्बा के जीटी सड़क निवासी शिव शंकर अग्रवाल के यहां गैस टंकी समय पर नहीं पहुंची तो शिवशंकर की पत्नी ने दो-तीन दिन चूल्हे पर खाना बनाया। इसके बाद उनकी नाराजगी बढ़ गई और पत्नी रचना अपने दो जुड़वां बच्चों और पति को छोड़कर अपने मायके सौरिख चली गईं।

# ईरान के ड्रोन से अमेरिका में खलबली

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान-अमेरिका जंग के बीच अमेरिका के सैन्य ठिकाने के पास ड्रोन देखे गए जिससे अमेरिका में हड़कंप मच गया। यह ड्रोन वहां देखे गए जहां कई बड़े अधिकारी रहते हैं। यह अमेरिका का सैन्य बेस है और उन आवासों से जुड़ा बताया जा रहा है जहां मार्को रुबियो और पीट हेगसेथ जैसे वरिष्ठ लोग रहते हैं। घटना के बाद व्हाइट हाउस में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई, जिसमें सुरक्षा खतरे का आकलन किया गया।










# तीन स्थानों पर हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के आयोजन

## भाजपाई जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी तक रहे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आज भाजपाइयों ने अलग-अलग संस्थाओं के बैनर तले शहर के तीन स्थानों में बड़े अर्घ्य के आयोजन किए। वैसे अर्घ्य, सूर्य नमस्कार से लेकर योग के भी कार्यक्रम किए गए। राजवाड़ा पर लोक संस्कृति मंच के बैनर तले नगर निगम के सहयोग से हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर भगवान सूर्य को अर्घ्य का आयोजन किया। भगवान सूर्य और भगवान राम की धुन पर प्रस्तुतियां भी दी गई। साधु-संत भी राजवाड़ा पर मौजूद रहे। रंगोली भी बनाई गई, नृत्य प्रस्तुत किए गए, गुड़ी भी सजाई गई, मंत्रोच्चार के साथ अर्घ्य राजवाड़ा पर दिया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला, पार्षद रूपाली पेंढारकर, जयदीप जैन, वीरेन्द्र त्रिपाठी, नितिन तापड़िया, रितेश पाटनी, दीपक लवंगड़े, अविनाश मोतीवाले, पीयुष शर्मा, विलास सप्रे, सुधीर सूबेदार, भाजपा नेता विनोद जोशी की दोनों बेटियां भी मौजूद थी।

वहीं बड़ा गणपति पर भाजपा प्रदेश सहप्रवक्ता दीपक जैन टीनू ने भी संस्था सार्थक के बैनर तले इस बार भी उदय होते भगवान सूर्य को हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर अर्घ्य का आयोजन कराया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, गुड़ी पूजन भी हुआ। यहां भी बड़ी तादाद में भाजपाई और संत के अलावा रहवासी भी पहुंचे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, जयदीप जैन, कपिल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

वहीं चाणक्यपुरी चौराहा पर आज गुड़ी पड़वा पर




उदय होते भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। नववर्ष की अगवानी की गई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री तलुसी सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा, प्रशांत बड़वे, डिम्पल शर्मा, वीणा शर्मा, गौतम शर्मा, नारायण पालीवाल, मनीष शर्मा, पुष्पेन्द्रसिंह चौहान, मनीष केशवानी, जयदीप वर्मा, प्रवीण विलायतकर, मलय वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। संतों और रहवासियों की भी उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में महाराष्ट्रीय समाजजन भी मौजूद रहे। यहां भी गुड़ी का पूजन किया गया।









# भाजपाइयों को नए वर्ष में मिला श्रीखंड

## एक-दूसरे को दी नववर्ष की शुभकामना, गुड़ी पूजन, गुड़ धनिये का किया वितरण



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज सुबह भाजपा कार्यालय पर बड़ी संख्या में भाजपाई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नेता पहुंचे और हिन्दू नववर्ष की एक-दूसरे को बधाई दी। सजी हुई गुड़ी का पूजन किया गया। गुड़ धनिये का वितरण भी हुआ। श्रीखंड का भोग भी लगा और भाजपाइयों ने श्रीखंड का लुत्फ भी लिया। मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, आलोक दुबे, भूपेन्द्रसिंह केसरी, अभिषेक शर्मा बबलू, रूपाली अरुण पेंढारकर, वरुण पाल, नितिन शर्मा, वृंदा गौड़, सुषमा पटेल, नारायणी बरेठा, सुधा सुखयानी, मंजू ठाकुर, सुनीता जयपाल, ज्योति पंडित, अनीता व्यास, नागेश पंवार, पवन पंवार, विशाल यादव, इन्दु श्रीवास्तव, हेमराज वाडिया, रानू गर्ग, सर्वजीत गौड़ सहित अन्य मौजूद थे।

## शोभायात्रा का निमंत्रण



इंदौर। भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा कल 20 मार्च चेटीचंड उत्सव के दौरान निकाली जाएगी। डॉ. संतोष वाधवानी ने बताया कि शोभायात्रा का निमंत्रण विधायक मालिनी गौड़ और एकलव्यसिंह गौड़ को दिया गया। बड़ी संख्या में व्यापारी अपने-अपने क्षेत्रों में यात्रा का स्वागत करेंगे।

## भाजपाइयों ने बधाई के साथ दिया गुड़-धनिया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के वार्ड 49 के तिलक नगर मेन रोड दुर्गा मंदिर के समीप आम लोगों को नववर्ष की शुभकामना भाजपाइयों ने दी और उन्हें गुड़ धनिया भी दिया। राजेश उदावत, शैलेन्द्र महाजन, तीरथपाल यादव, विश्वजीत चौहान, शीतल थोरात, अभिषेक सोनी, प्रवीण जैन, सोनू कैथवास, विक्रम शेखावत सहित अन्य मौजूद थे।

## दंगल निरस्त को आर्थिक तंगी और घटना को बताया कारण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भागीरथपुरा में हुई दूषित पानी से मौतों का मामला पुराना हो चुका है, उसके बावजूद भी निगम द्वारा 27 से 29 मार्च के बीच महापौर केसरी दंगल की घोषणा की गई थी। अब इस आयोजन को निरस्त करने के पीछे निगम की आर्थिक तंगी और भागीरथपुरा की दर्दनाक घटना बताई गई। इस मामले में एमआईशी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने दंगल निरस्त होने की पुष्टि की है।

# कांग्रेस ने आज कई चौराहों पर किया गुड़ धनिया का वितरण









इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के निर्देश पर आज 24 ब्लॉक के प्रमुख चौराहों पर कांग्रेसियों ने गुड़ धनिया का वितरण किया। आयोजन हुआ जरूर, लेकिन बहुत ज्यादा भीड़ कांग्रेसी जुटा नहीं पाए। राजमोहल्ला चौराहा पर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, धर्मेन्द्र गेंदर, मधुसूदन भलिका, नीलेश भूतड़ा, अभिषेक करोसिया, आशीष मौर्य, स्वतंत्र जैन, मनोहर बिल्लौरे, अपूर्व मिश्रा सहित अन्य ने एवं सिंधी कालोनी, पल्सीकर, टॉवर चौराहा पर गुड़ धनिया का वितरण देवेन्द्रसिंह यादव, सन्नी राजपाल, सुनील यादव, संजय अरोड़ा सहित अन्य ने एवं सुभाष नगर-परदेशीपुरा चौराहा पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश चौकसे के नेतृत्व में गुड़ धनिया का वितरण किया। राजवाड़ा पर सत्यनारायण सलवाड़िया, नीलेश सेन, अनिरुद्ध जैन, नीलेश पटेल, विशाल चतुर्वेदी सहित अन्य ने गुड़ धनिया का वितरण किया।

# मुख्यमंत्री दे रहे हैं इस्कॉन मंदिर और तालाब के लिए सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में आज हिन्दू वर्ष गुड़ी पड़वा पर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। आज इस्कॉन मंदिर निपानिया और निपानिया तालाब परिसर पर सौगात दी जा रही है। मुख्यमंत्री के हाथों होने वाले इस दोनों विकास कार्य के शुभारंभ और जल गंगा संवर्धन अभियान भी सार्थक होता नजर आ रहा है। मंत्री तुलसी सिलावट, इस्कॉन मंदिर के स्वामी महामनदास, पार्षद सुरेश कुरवाड़े की भी आज मौजूदगी रहेगी। आज राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी हो रहा है। यह कार्य भी मुख्यमंत्री के हाथों किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज इस्कॉन मंदिर में भगवान राधा गोविंद के विशेष दर्शन करेंगे, गौवंश की पूजा भी करेंगे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत लगभग 21.43 करोड़ रुपये की लागत से अमृत 2.0 योजना अंतर्गत शहर के प्रमुख तालाबों छोटा सिरपुर, लिम्बोदी एवं बिलावली तालाब के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके साथ ही 1.77 करोड़ रुपये की लागत से निपानिया तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का भी विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। बिलावली तालाब के लिए 12.72 करोड़ रुपये, लिम्बोदी तालाब के लिए 4.89 करोड़ रुपये तथा छोटा सिरपुर तालाब के लिए 3.82 करोड़ रुपये की राशि से व्यापक जीर्णोद्धार कार्य किए जाएंगे।

# शहर कांग्रेस और ब्लॉक की घोषणा कभी भी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस ने निर्धारित समय के काफी देरी से 50 पदाधिकारियों के नामों की सूची भोपाल भेजी थी। कुल 51 पदाधिकारी बनाए जाना है, जिसमें से एक संगठन महामंत्री की घोषणा पूर्व में हो चुकी है। अब 50 नामों की सूची भोपाल जाने के बाद और 24 में से 4 ब्लॉक अध्यक्ष अटके हुए हैं, जिनकी सूची भी भोपाल भेज दी गई थी। सूत्रों का कहना है कि आज से लेकर आने वाले दिनों में कभी भी शहर कांग्रेस इकाई और ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा हो जाएगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि सूची घोषित होने के बाद असंतुष्ट सामने आकर विरोध भी कर सकते हैं, जिसका अंदेशा शहर कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर संगठन महामंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसियों को भी है। कांग्रेस छोटी इकाई बना रही है और उधर राजीव विकास केन्द्र 5 हजार पदाधिकारियों का कारवां जोड़ने का दावा कर रहा है। अब असंतुष्ट राजीव विकास केन्द्र से जुड़ेंगे ऐसी संभावना भी जताई जा रही है।

# आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना को सरकार गंभीरता से ले

## एसीएस राजन की जांच से कोई परिणाम नहीं निकलेगा - चौकसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि बंगाली चौराहे के समीप एक मकान में लगी आग से आठ लोगों की मौत होने की घटना को सरकार गंभीरता से लें। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन की जांच से कोई निष्कर्ष नहीं निकलेगा। चौकसे ने कहा कि इस घटना के होने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी के विलंब से जाने से मरने वालों की संख्या बढ़ गई। यह अपने आपमें बहुत चिंताजनक स्थिति है। इसके बाद भी फायर ब्रिगेड की जो गाड़ी पहुंची वह गाड़ी काम शुरू करते ही खराब हो गई। फिर जो गाड़ियां आई उनके द्वारा आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना आने वाले कल के लिए हमें चेतावनी दे रही है। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के द्वारा लगातार ग्रीन एनर्जी से चलने वाले वाहन के रूप में इलेक्ट्रिक व्हीकल को प्रमुखता दी जा रही है। इस विकल्प को ही चार्ज करने के दौरान हुई इस घटना के बाद इस वाहन की सुरक्षा प्रणाली पर सवालिया निशान लग गया है। अब ऐसे में जरूरी है कि सरकार के द्वारा उच्च स्तरीय समिति का गठन कर न केवल इंदौर की घटना की जांच कराई जाए बल्कि इलेक्ट्रिक वाहन के सुरक्षा के इंतजाम की भी जांच की जाएं।

चौकसे ने कहा कि इंदौर की घटना के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा इस मामले की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन को भेजा गया है। मेरा यह कहना है कि उक्त अधिकारी के द्वारा जांच किए जाने से कुछ नहीं होगा। उनकी जांच से कोई निष्कर्ष निकलकर सामने नहीं आता है। इसके पूर्व इंदौर के भगीरथ पुरा के जल हादसे की जांच के लिए भी राजन इंदौर आ चुके हैं। उस जांच की उनकी रिपोर्ट भी अभी तक जनता के सामने नहीं आई है। उस जांच में उन्होंने कुछ उल्लेखनीय जानकारी हासिल की हो ऐसा भी सरकार के किसी कार्रवाई से प्रतीत नहीं हुआ है। ऐसे में आवश्यक है कि सरकार के द्वारा तुरंत उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर इस घटनाक्रम की जांच कराई जाएं।

## ऑपरेशन के बाद डॉक्टर से बोले थे पुगलिया

# घुटना 25 साल तो चलेगा ना...



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नववर्ष के ठीक एक दिन पहले शहर में कल हुआ दर्दनाक हादसे को क्षेत्रीय रहवासी तो क्या कोई भी शहरवासी नहीं भुला पा रहा है। सभी दूर दिन भर हादसे को लेकर ही चर्चा बनी रही। इसी बीच जान गंवाने वाले परिवार के मुखिया मनोज पुगलिया के घुटनों का करीब 20 दिन पहले ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर अंकित थोरा ने भी एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि पुगलिया घुटने को 25 साल तक सलामत रहने का पूछ रहे थे।



डॉ. अंकित थोरा

ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अंकित थोरा पुगलिया के मित्र भी हैं। उन्होंने ही कुछ समय पूर्व उनके घुटने का ऑपरेशन किया था। डॉक्टर ने एक वीडियो जारी कर कहा कि ऑपरेशन होने के बाद जब उन्हें चलने को कहा गया तो पुगलिया ने कहा था कि डॉक्टर साहब यह घुटना अब 25 साल तो चलेगा ना। उन्हें क्या पता था कि समय को कुछ और ही मंजूर था। डॉक्टर ने बताया कि वे काफी खुशमिजाज इंसान थे। उन्होंने ही मुझे अपने साले के कैंसर के बारे में बताया था और यह भी कहा था कि मैं उन्हें इलाज के लिए इंदौर बुलवा लेता हूं आप मुझे मार्गदर्शन देना कि उनका इलाज कैसे और किन चिकित्सकों से करवाना है।

### होली पर किया था आयोजन

इधर क्षेत्रीय रहवासियों ने बताया कि पुगलिया का पूरे मोहल्ले में व्यवहार सभी से अच्छा था। उन्होंने होली पर सामाहिक आयोजन भी किया था जिसमें मोहल्ले के सभी लोगों को बुलाया था। दोनों बहुओं से मोहल्ले की सभी महिलाओं को रंगने के लिए कहा। कल हादसे के बाद क्षेत्रीय रहवासी इन सभी विषयों पर चर्चा कर गमगीन नजर आए।

### दूसरी बार बना था घर में नन्हे के आने का योग

हादसे में जान गंवाने वाली पुगलिया परिवार की बड़ी बहू सिमरन की दास्तां सुन हर कोई अपने आंसू नहीं रोक पाया। वह गर्भवती थी, घर में नन्हें के आने के पहले खुशी का माहौल था। खास तौर पर मनोज पुगलिया इसे लेकर उत्साहित थे। सूत्रों के मुताबिक यह नन्हें के आने का योग दूसरी बार बना था, इससे पहले भी सिमरन के मां बनने का योग बना था लेकिन किसी कारणवश वह टल गया। हालांकि परिजनों ने फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की है।



### सीएम आज आएंगे, सफाई अभियान शुरू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल शाम को ही इंदौर आने वाले थे किसी कारणवश वे नहीं आ पाए, जिसके बाद आज दोपहर इंदौर आएंगे। वे बंगाली चौराहा के समीप बृजेश्वरी एनेक्स में घटनास्थल पर भी पहुंचेंगे और पुगलिया परिवार के परिजनों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री के आने से पहले आज बृजेश्वरी एनेक्स में सफाई के लिए निगम ने टीम लगाई है। खाली पड़े प्लाटों को भी चकाचक किया जा रहा है।

## ब्रजेश्वरी हादसा... मंगलवार दोपहर 250 मीटर दूर मल्टी में हुआ था शार्टसर्किट

### *क्षेत्रीय रहवासियों का आशंका बिजली सप्लाय में थी दिक्कत*

कल सुबह बंगाली चौराहा के समीप ब्रजेश्वरी एनेक्स में हुए हादसे में 8 लोगों ने जान गंवा दी है। घटना प्रारंभिक तौर पर इलेक्ट्रानिक कार में आग के कारण मानी जा रही है। इधर दूसरा पहलू भी सामने आया है। क्षेत्र में बिजली सप्लाय में दिक्कत हो रही थी।

ब्रजेश्वरी एनेक्स में जिस जगह पर कल अग्निकांड हुआ है, उससे करीब 250 मीटर दूर पी स्क्वेयर मल्टी में मंगलवार दोपहर एक फ्लेट में शार्ट सर्किट से धुंआ फैल गया था। हालांकि मल्टी के रहवासियों ने तुरंत पानी डालकर आग पर काबू पा लिया था। इधर मल्टी में नीचे सलून सहित अन्य दुकानें भी हैं। सलून संचालक ने बताया कि दुकान का पंखा, लाइट फ्लक्चूएशन और तेज वोल्टेज के कारण खराब हो गए। कल ही इन्हें बदलाया है इसलिए क्षेत्रीय रहवासियों को आशंका है कि रात में एसी सहित अन्य हाई होल्वेज उपकरण जल रहे हैं। ऐसे में बिजली सप्लाय में दिक्कत हो सकती है, जिससे इलेक्ट्रानिक वाहन की चार्जिंग के कारण शार्टसर्किट हुआ होगा। हालांकि फिलहाल यह सब जांच का विषय है। आशंकाओं के आधार इस पहलू पर भी जांच होगी।

## रजिस्ट्री में महिलाओं को छूट का दायरा बढ़ाया जाए, ज्ञापन देने पहुंची अधिवक्ता और अन्य



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एक तरफ सरकार लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी योजना चला रही है और महिलाओं के रोजगार की भी कोशिश सरकार करती है। कई कायदे कानून भी महिलाओं के लिए बना रखे हैं। इधर महिला अधिवक्ताओं के साथ अन्य महिलाओं ने वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजूलता पटेल को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि महिलाओं को अकेले ही रजिस्ट्री करवाने पर जो छूट दी जा रही है उसका दायरा बढ़ाया जाए, महिला अगर सहभागिता करती है तो उसके हिस्से पर छूट मिलें। महिलाओं के साथ सह-स्वामित्व में पति, पिता, माता, ससुर को जोड़ा गया है, तो सास, बहन, भाई भी जोड़ा जाए। महिला अगर किसी कंपनी में डायरेक्टर हैं, संचालक है, भागीदार है, तो भी छूट मिलें। ऐसे अनगिनत मुद्दे महिलाओं से संबंधित महिला अभिभाषकों की अगुवाई में आम महिलाओं ने दिए। मप्र में 1100 रुपये के स्टाम्प ड्यूटी पर सबसे पहले सह-स्वामित्व का दस्तावेज करवाने वाली बेटी कु. भार्गवी व्दिवेदी अपने माता-पिता साथ आई थी। इस दौरान अभिभाषक सरोज अग्रवाल, रानी काले, रेणुका गौखरु, बीना जाट, जया व्दिवेदी आदि ने ज्ञापन देकर महिलाओं के लिए रजिस्ट्री में छूट का दायरा बढ़ाने की बात की।



### दरियादिल इंदौर...

## गैस भले ही नहीं मिल रही पर जुगत कर अमावस्या पर हुए भंडारे

### लगभग सभी जगह हर अमावस्या पर वितरित होने वाला प्रसाद बंटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर में अमावस्या के मौके पर कई जगह चलित प्रसादी का वितरण होता है। पुड़ी-सब्जी सहित अन्य प्रसाद कई जगह वितरित होते हैं। इन दिनों कमर्शियल गैस को लेकर समस्या बनी हुई है, लेकिन इस समस्या का असर भंडारों पर नहीं हुआ। इसीलिए इंदौर शहर को दरियादिल कहा जाता है।**

एक और जहां चाय दुकानों, रेस्टोरेंट के संचालन में परेशानियां हो रही हैं। कमर्शियल गैस की सप्लाय पूर्ति अनुसार नहीं हो रही है। कुछ समाज के सामूहिक आयोजन, शादी के आयोजन लोगों ने गैस नहीं होने के कारण निरस्त किए हैं। ऐसे में कल अमावस्या पर शहर में लगभग सभी दूर हर माह की तरह चलित प्रसादी का वितरण हुआ। कोठारी मार्केट के स्थित शीतला माता मंदिर पर कल शाम को प्रसादी का वितरण हुआ। सैकड़ों लोगों ने यहां प्रसाद लिया। हालांकि इस कारण मुख्य मार्ग पर जाम भी लग गया था। सुबह मालगंज चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर भी प्रसादी का वितरण हुआ, इसके अलावा अमावस्या पर एमवाय में भी सेवाकार्य किए जाते हैं वे भी कल जारी रहे। कुल मिलाकर शहर में आयोजकों ने गैस की जुगत कर भंडारे के आयोजन किए।

### संघ कार्यकर्ताओं ने भी किया गुड़ धनिया वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने गांधी नगर चौराहा पर हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर गुड़ धनिया का वितरण किया और बधाई भी दी।





### संघ ने किया आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्कीम नं. 54 प्रयागराज बस्ती बद्रीनाथ जिला शाखा द्वारा हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर वैष्णो माता मंदिर उद्यान विजय नगर में कार्यक्रम आयोजित किया। ध्वज पूजन, भारत माता पूजन किया गया। गुड़ी पड़वा पर प्रकाश भी डाला गया। संघ के महेश चौधरी, नितिन मोरे, कैलाशचन्द्र कोठारी ने अपनी भूमिका निभाई।





# आज से नवरात्रि पर आराधना और दर्शन शुरू

## घरों में ज्वारे बोये, घट स्थापना हुई, व्रत भी शुरू हुए, आज माँ के मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु, कतार में श्रद्धालुओं ने लगाए जय माता दी के जयकारे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है। इस बार नवरात्रि में पूरी 9 दिन की नवरात्रि है। साल में चार नवरात्रि आती है, जिसमें दो गुप्त नवरात्रि होती है और एक चैत्र और दूसरी शारदीय नवरात्रि होती है। आज इस बड़ी नवरात्रि के पहले दिन से ही माँ के भक्तों की आराधना दिख रही है। आज सुबह से श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर माँ के दर्शन किए और कई श्रद्धालुओं ने दुर्गा सप्तशती के पाठ भी किए। बिजासन टेकरी शक्तिपीठ पर भी आज अलसुबह से ही भीड़ नजर आई। बाहर से भी श्रद्धालु यहां पहुंचे थे। वहीं अन्नपूर्णा मंदिर पर भी भीड़ दिखाई दी। माता मंदिरों में कतार के दौरान जय माता दी के जयकारे भी गूंजे। हरसिद्धि माता, केला माता बियाबानी, कालका माता खजराना, जवाहरमार्ग वाली माता, दत्त नगर माता के अलावा, माँ लक्ष्मी के सभी मंदिर राजवाड़ा, उषा नगर, हरसिद्धि, खजराना में भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। हर कोई माँ के दर्शन कर माँ का आशीर्वाद ले रहा है। आज सुबह से श्रद्धालुओं के व्रत की आराधना भी शुरू हो चुकी है। घर, उद्योग, कार्यालय में भी घट स्थापना श्रद्धालुओं ने की, ज्वारे भी बोये। आज कई श्रद्धालु इंदौर से देवास के लिए भी निकले, जहां टेकरी पर दोनों माताओं के दर्शन करेंगे, कुछ लोग उज्जैन माता दर्शन के लिए भी निकले। अपनी-अपनी आस्था के मुताबिक श्रद्धालु नवरात्रि में माता मंदिरों के दर्शन करते हैं। कई श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर चुनरी भी अर्पण करेंगे।

# महाराष्ट्रीयन समाजजनों ने किया गुड़ी पूजन

## आज घरों में बनी पूरण पोली



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज गुड़ी पड़वा और नवरात्रि का पर्व नववर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। एक तरफ महाराष्ट्रीय समाज ने गुड़ी सजाई और घर पर गुड़ी लगाकर आस्था की दरकार के साथ पूजन किया गया। आज महाराष्ट्रीयन परिवारों के अलावा अन्य घरों में भी गुड़ी पड़वा पर पूरण पोली बनाई गई। कई घरों में पूरण पोली के साथ आलू के पराठे, चने की दाल के पराठे भी बने। दूसरी तरफ माँ के भक्तों ने आज नवरात्रि पर घर से लेकर मंदिर तक आस्था दिखाई।

# बोहरा समाज मना रहा है ईद का पर्व



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बोहरा समाजजन ने आज अपने बाहुल्य क्षेत्र की मस्जिदों में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की। हर बोहरा समाज की मस्जिद में वहां के आमिल साहब ने ईद का खुतबा पढ़ा और उसके बाद आमिल साहब को बोहरा समाजजनों ने शरबत पिलाकर इकराम भी किया। बोहरा समाजजनों ने आज एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद भी दी। आज मीठी ईद पर शिरखुरमा, सिवैया का आयोजन भी बोहरा समाजजनों ने घरों पर किया है। आज बोहरा समाजजन निकट के लोगों के घर पहुंचकर ईद की खुशी का इजहार मुबारकबाद के रूप में कर रहे हैं। आज बोहरा समाजजन एक-दूसरे से मिलकर मुबारकबाद देकर ईद मना रहे है।








# कुलभूषण मित्तल बने प्रदेश अध्यक्ष



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लायन डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की को पिकलबॉल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने मध्यप्रदेश ईकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। डॉ. मित्तल ने कहा कि वे पिकलबॉल को राज्य के कोने-कोने तक पहुँचाने के लिए प्राथमिकता के साथ काम करेंगे। पिकलबॉल एसोसिएशन एवं राज्य की अन्य प्रमुख खेल संस्थाओं के बीच समन्वय और इस खेल को सुदृढ़ पहचान दिलाने की दिशा में वे लगातार सक्रिय रहेंगे।



# अनन्तनाथ और अरहनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तीर्थंकर 1008 श्री अनन्तनाथ एवं अरहनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव सेटेलाइट जैन मंदिर में जैन समाजजनों ने मनाया। महेन्द्र जैन ने उक्त जानकारी दी।

वहीं अनन्तनाथ एवं अरहनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर पालकी यात्रा का आयोजन उदय नगर जिनालय में विज्ञानमति और ससंघ के सानिध्य में किया गया।



# माहेश्वरी समाज का कल व्यापार महोत्सव इवेंट की प्री-लॉचिंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण मंत्री पप्पू ने बताया कि अप्रैल माह में व्यापार महोत्सव किया जाएगा। इस व्यापार महोत्सव के पहले कल रात्रि 8 बजे से प्री-लॉचिंग इवेंट का आयोजन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के मेपल हॉल में किया जाएगा। कल रात व्यापार महोत्सव आयोजन के प्रजेंटेशन में महत्वपूर्ण बाते एवं रूपरेखा बताई जाएगी। कल होने वाले आयोजन में उद्योगपति, व्यवसायी, समाजसेवियों के अलावा जिन्हें स्टॉल आवंटित किए गए उन्हें भी बुलाया गया है। बाद में भोज का आयोजन भी होगा।

# झूलेलालजी की अमरकथा और पाठ का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अखंड ज्योति मंदिर छत्रीबाग में सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलालजी की जयंती उत्सव पर झूलेलालजी की अमरकथा और पाठ का शुभारंभ किया गया, जिसका समापन कल 20 मार्च को होगा, मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। माँ गीता ठाकुर, सेवादार जेपी मूलचंदानी, विजय माखीजा, हरीश दावानी, खेमचंद शादीजा, अजय शिवानी, जगदीश फ़तेचंदानी, धीरज, घनश्याम मालानी, भागचंद पुरुस्वानी मौजूद थे।





# खजराना में हुआ रोजा इफ्तार आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पटेल परिवार खजराना ने रोजा इफ्तार आयोजन किया। भाजपा नेता अन्नू पटेल एवं युनूस पटेल गुड्डू, इकबाल पटेल, असगर पटेल, नासिर शाह, मंसूर पटेल आदि उपस्थित थे। दुआएं भी की गई।

# पुलिस की पिटाई से नाराज सफाई कामगारों ने घेरा थाना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** निगम कर्मचारी रोहित बोयत उषा फाटक को एमजी रोड पुलिस ने बेवजह पिटाई का शिकार बनाया था, जिससे वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारी कामगारों और वाल्मीकि सेना में आक्रोश था। इसी मुद्दे पर एमजी रोड थाना पहुंचकर वहां प्रदर्शन किया गया और पुलिस से कारण पूछा गया कि आखिरकार रोहित बोयत को पुलिस द्वारा क्यों पीटा गया और उस पर प्रकरण भी क्यों दर्ज किया गया। यह भी कहा गया कि मारपीट प्रकरण के बाद भी रोहित बोयत को थाना पर बुलाकर परेशान किया जा रहा है और इसी मुद्दे पर अब घेराव किया गया। सीधा-सीधा पुलिस पर 25 हजार रु. लेने का आरोप भी लगाया गया। महेश गोहर, संतोष कल्याणे, हरिश नागर, राजेश धौलपुरे, खलीफा शेरा शिंदे, अखिलेश मेवाती, प्रशांत, विकास पथरोड़, शीतल विश्नार, श्याम अजय पाल, सूरज गोहर, सीमा नरवाले, नीलेश गोसर, दुर्गेश चौहान, राजेंद्र गोसर, सत्यम मेवाती, सिरसवाल, सौरभ बोयत, रमेश कल्याणे मौजूद थे।



# सिंधी मातृशक्तियों ने निकाली कलश यात्रा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय सिन्धु सभा महिला शाखा, चेटीचंड महिला समिति द्वारा आयोजित झूलेलाल सौभाग्य कलश यात्रा का आयोजन कल शाम प्रीतमदास सभागृह से किया गया। भगवान झूलेलालजी की आरती और कलश पूजन के बाद यात्रा शुरू हुई। कई राजनेता भी शामिल हुए। सरिता जवाहर मंगवानी, चांदनी नरेश फुंदवानी, लता भागचंद पुरुसवानी, सरोज भाटिया, रिया मोटवानी, वर्षा मूलचंदानी, सुधा सुखयानी, तरुणा बजाज, चंदा खत्री, दिव्या सचदेव, अनिता मुरझानी, खुशी सावानी, सपना गंगवानी, मधु भमभनी, मोना नागवानी, कविता विरवानी, शोभा मेहरचंदानी, गोदावरी परस्वानी, द्रोपदी रिझवानी, लता मोटवानी सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

# मेवाड़ा कुमावत समाज ने किया वरिष्ठों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मेवाड़ा कुमावत समाज के राजेन्द्र कुमावत ने बताया कि समाज का होली मिलन और सम्मान का आयोजन कल श्रीजी वाटिका स्कीम नं. 71 में किया गया। कई प्रतियोगी गेम भी समाजजनों को खिलाए गए, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं मेवाड़ा कुमावत समाज के वरिष्ठों के अलावा मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया। बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ, महिलाएं, युवा और पुरुष भी मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक भोज में शिरकत की।






# जायसवाल महिलाओं ने की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जायसवाल समाज की महिलाओं ने गणगौर पर्व को लेकर तैयारी बैठक की और विस्तृत चर्चा भी की। प्रतियोगी गेम भी खेले और गणगौर के दोहे भी बोले गए। रूपा जायसवाल, अर्चना जायसवाल, साधना जायसवाल, ज्योति जायसवाल, आरती जायसवाल, किरणबाला जायसवाल, डॉ. प्राची जायसवाल, सुमित्रा चौकसे, माया जायसवाल, शीतल जायसवाल उपस्थित रही।

# बर्तन बाजार एसोसिएशन ने किया पारिवारिक मिलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री इंदौर बर्तन निर्माता एवं विक्रेता संघ के अध्यक्ष जीवन परियानी, उपाध्यक्ष राजेश मित्तल, मंत्री सतीश गोयल ने बताया कि एसोसिएशन का पारिवारिक होली मिलन आयोजन कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में व्यापारी परिवार सहित पहुंचे। प्रतियोगी गेम भी खिलाए गए और इवेंट के मुकेश सारडा और उनकी टीम द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। सहभोज का आयोजन भी हुआ।



# पालीवाल समाज को दी 40 फ्लड लाइट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेंणी की तुलसी विवाह महिला समिति की मातृशक्तियो द्वारा पालीवाल ब्राह्मण समाज भवन पर होने वाले आयोजन में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हेतु 40 नग फ्लड लाइट प्रदान की। राकेश जोशी, शांतिलाल जोशी, ओमप्रकाश जोशी, सुखलाल जोशी, भरत जोशी को यह लाइट भेंट की गई।





# नव संवत्सरः कृषि, जल और विकास के रोड मैप का संकल्प – डॉ. मोहन यादव

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला नवसंवत्सर हमारी सांस्कृतिक चेतना, वैज्ञानिक दृष्टि और प्राकृतिक जीवन पद्धति का प्रतीक है। इस वर्ष विक्रम संवत् 2083 का शुभारंभ हुआ है। यह मध्यप्रदेश के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि भारतीय कालगणना की गौरवशाली परंपरा उज्जयिनी से प्रारंभ हुई है।

सम्राट विक्रमादित्य के राज्याभिषेक से आरंभ हुआ विक्रम संवत् भारतीय संस्कृति की चेतना और राष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक है। सम्राट विक्रमादित्य न्यायप्रियता, पराक्रम, धैर्य, ज्ञानशीलता और सुशासन के आदर्श हैं। विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर उन्होंने राष्ट्र की रक्षा और भारतीय संस्कृति के गौरव को प्रतिष्ठित किया। उनके शासनकाल में सुशासन की आदर्श परंपराएं स्थापित हुईं। उन्होंने न्याय और नीति के जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी शासन और प्रशासन के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

विक्रमादित्य के सुशासन की परंपरा का उल्लेख 'सिंहासन बत्तीसी' की कथाओं में मिलता है। यह उस आदर्श शासन-व्यवस्था का प्रमाण है जिसमें योग्य मंत्रियों, विद्वानों और नीति-निपुण व्यक्तियों के सहयोग से राज्य संचालित किया जाता था। सम्राट विक्रमादित्य ने जिस तरह ज्ञान, संस्कृति और प्रशासनिक व्यवस्था को विकसित किया, वह भारतीय राज्य परंपरा की श्रेष्ठता का प्रतीक है। सम्राट विक्रमादित्य के व्यक्तित्व और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 'विक्रमोत्सव-2026' का आयोजन किया जा रहा है। 12 फरवरी 2026 से 30 जून 2026 तक चलने वाला यह 139 दिवसीय उत्सव दीर्घ आयोजन का कीर्तिमान स्थापित करेगा। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन, उनके आदर्श और उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

उज्जयिनी प्राचीन काल से ही भारत की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक चेतना का केन्द्र रही है। बाबा महाकाल की पावन नगरी का संबंध कालगणना, खगोल विज्ञान और आध्यात्मिक साधना से रहा है। हमारे पूर्वजों ने हजारों वर्ष पहले ग्रहों की गति और नक्षत्रों की स्थिति का गहन अध्ययन कर जो कालगणना पद्धति विकसित की, वह आज भी विश्व के लिए आश्चर्य का विषय है। उज्जैन की वेधशाला और वैदिक कालगणना हमारी ज्ञान परंपरा का प्रमाण है।

हमारे लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का पुनर्स्थापन किया गया। यह घड़ी भारतीय समय गणना की परंपरा को आधुनिक युग में पुनर्जीवित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

भारतीय नववर्ष प्रकृति के नवोदय का पर्व है। इस समय प्रकृति नवजीवन से समृद्ध होती है,पृथ्वी पर नवचेतना और नवसृजन का संचार होता है। देश भर में मनाए जाने वाले नवसंवत्सर के विभिन्न नाम हैं। कहीं इसे गुड़ी पड़वा, कहीं उगादि, कहीं चैती चांद और कहीं नवरोज के रूप में मनाया जाता है।इसी दिन से चैत्र नवरात्र का भी शुभारंभ होता है। नवरात्र के नौ दिन साधना, आत्मशुद्धि और शक्ति उपासना का अवसर है। भारतीय जीवन पद्धति में पर्व और परंपराएं व्यक्ति और समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। मध्यप्रदेश में नवसंवत्सर का आयोजन विकास और जनकल्याण के नए संकल्पों के साथ किया जा रहा है। नवसृजन के प्राकृतिक उत्सव अवसर पर मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश में यह वर्ष कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, इसलिए किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। इस वर्ष हमने पहली कृषि कैबिनेट बैठक बड़वानी जिले के भीलट बाबा देवस्थल नागलवाड़ी में की है। इसमें कृषि विकास और कल्याण के लिए 27 हजार 500 करोड़ रुपये की योजनाओं को स्वीकृत किया गया।

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहित करने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए प्रदेश में योजनाएं लागू की गई हैं। हमारा लक्ष्य है कि किसान उत्पादन बढ़ाने के साथ कृषि-आधारित उद्योगों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करें और आत्मनिर्भर बनें।

यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हम विरासत के साथ विकास मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। इसी अनुरूप प्रदेश में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास पर कार्य किया जा रहा है। ओंकारेश्वर, उज्जैन, मैहर और अन्य प्रमुख तीर्थस्थल आध्यात्मिक पर्यटन स्वरूप में विकसित हो रहे हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ पर्व के लिए होने वाली समस्त तैयारियां प्रगति पर हैं। इसके साथ ही श्रीराम वनगमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय जैसी योजनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ा जा रहा है। भारतीय नववर्ष का आयोजन हमें प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा देता है।हमारी परंपरा में गुड़ी पड़वा के दिन सूर्योदय से पहले स्वच्छ जल में स्नान करने और सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। अर्घ्य देने की परंपरा में जल स्त्रोतों की पवित्रता और संरक्षण का संदेश है। जल संरक्षण के इसी भाव के साथ मध्यप्रदेश में आज से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। नववर्ष प्रतिपदा पर शिप्रा तट उज्जैन से प्रारंभ होने वालेइस तीसरे राज्य स्तरीय अभियान में जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों और नवीन तकनीकी, नवाचारों के साथ प्रदेश के जल स्त्रोतों को सुरक्षित किया जायेगा।

मेरा प्रदेशवासियों से आग्रह है कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनाएं। प्रकृति के नवसृजन, अवसर पर आज हम विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लें। नवचेतना, नवजागृति के साथ आइये हम सब मिलकर प्रदेश के नवकल्याण की ओर बढ़ें और विकसित भारत निर्माण में सहभागी बनें।

मुझे विश्वास है कि नव संवत्सर मध्यप्रदेश की प्रगति, समृद्धि और नई उपलब्धियों का वर्ष सिद्ध होगा। आपके सुखी, समृद्ध और आनंदमय जीवन के लिए आप सभी को नव संवत्सर की पुनः हार्दिक मंगलकामनाएं।

**( लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )**

## निराश्रित आश्रम में सामग्री भेंट



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पितृ पर्वत के समीप निराश्रित आश्रम में सीनियर सिटीजन ग्रुप ने वहां निवासरत 126 वृद्ध लोगों के लिए वस्त्र, खाद्य सामग्री वितरण का आयोजन किया। पारसमल कटारिया, आनन्दीलाल संचेती, सुरेश देशलहरा, गोपीलाल सामोता, बीएल चित्रा पावेचा सहित अन्य मौजूद थे।

## आज अवकाश के दिन चालू है बिजली बिल भुगतान केंद्र

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मार्च के राजस्व संग्रहण महा अभियान एवं उपभोक्ता सुविधा के मद्देनजर इंदौर, उज्जैन, रतलाम जिले सहित मालवा निमाड़ के सभी 435 जोन, वितरण केंद्र के तहत बिजली बिल भुगतान केंद्रों को मार्च के शेष दिनों में प्रतिदिन खुले रखने का निर्णय लिया हैं। भुगतान केंद्र शनिवार, रविवार को अवकाश के दिन के साथ ही गुड़ी पड़वा 19 मार्च, चेटीचंड 20 मार्च, ईद उल फितर 21 मार्च, रविवार 22 मार्च को अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ता बकाया देयकों का इन केंद्रों पर कार्यालय अवधि में भुगतान कर सकते हैं।

## खजराना बप्पा को दिया निमंत्रण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. वीरांगना झलकारी महासंघ द्वारा 5 अप्रैल को वीरांगना झलकारी देवी के बलिदान दिवस पर झलकारी अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का पहला निमंत्रण भगवान खजराना गणेश को दिया गया। उक्त जानकारी प्रकाश महावर कोली ने दी।

## महिलाओं को रोजगार के लिए ट्रेनिंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था सफलता एक प्रयास द्वारा महिलाओं व छात्राओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से निःशुल्क सिलाई, कम्प्यूटर, मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, ट्रेनिंग बाणगंगा क्षेत्र में दी जा रही है।

## राठौर समाज का गणगौर उत्सव होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सकल पंच राठौर समाज, महिला मंडल द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक गणगौर उत्सव का आयोजन 22 मार्च रविवार शाम 4 बजे राठौर विद्या निकेतन समाजवादी इंदिरा नगर से चल समारोह निकलेगा।

## आकाशवाणी लोकरंग उत्सव




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आकाशवाणी इंदौर द्वारा 'लोकरंग उत्सव' आयोजन लोक संस्कृति की संध्या के रूप में किया गया। वीर भारत न्यास का सहयोग रहा। राजेश पाठक, अभयकुमार गुप्ता, राजेशसिंह कुशवाह, श्रीराम तिवारी, नरेश शर्मा, दिनेश दिग्गज मौजूद रहे। अलग-अलग लोक गीत नृत्य की प्रस्तुति हरिहरेश्वर पोद्दार, पूर्णिमा चतुर्वेदी, रामप्रसाद अहिरवार, बलिराम धुर्वे और उनके दल द्वारा दी गई।




## फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एमवाय अस्पताल ऑडिटोरियम में स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अरविंद घनघोरिया, डॉ. यादव, डॉ. पवन दुबे, डॉ. खरिया, मुकेश सेन, जय शंभूनाथ मिश्रा, निकिता यादव मौजूद थे।

## गौतम जयंती पर आज शाम निकलेगी शोभायात्रा

### जोशी होंगे गौतम सम्मान से अलंकृत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री गुर्जर गौड ब्राह्मण नगर सभा द्वारा अक्षपाद महर्षि गौतम की जयंती आज मनाई जा रही है। आज शाम 4 बजे से गौतम आश्रम एरोड्रम रोड से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महर्षि गौतम की झांकी, बैंड-बाजे, घोड़े-बग्घी के साथ बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। यात्रा के बाद शाम 6 बजे से हंसदास मठ पर महाआरती के बाद श्री गुर्जर गौड. ब्राह्मण नगर सभा इंदौर द्वारा स्थापित गौतम गौरव सम्मान से पाली राजस्थान के शिक्षाविद पंडित सीताराम जोशी को अलंकृत किया जाएगा। कमलेश तिवारी ने बताया कि शिक्षाविद विनायक पांडे महर्षि गौतम की महिमा पर व्याख्यान देंगे।

## संपादकीय

# इलेक्ट्रिक वाहन वरदान या अदृश्य खतरा, इंदौर हादसे ने उठाए सुरक्षा पर गंभीर सवाल

इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान धमाके से 8 की मौत ने सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। बिना पुख्ता इंफ्रास्ट्रक्चर और एसओपी के इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना जोखिम भरा है। सुरक्षित चार्जिंग स्टेशन समय की मांग हैं। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है। कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं। इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं से उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई। सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर हैं। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहनों को सड़कों पर उतार देने भर से उत्सर्जन कम करने या तेल पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा। मध्य प्रदेश के इंदौर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां के बंगाली चौराहा के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार तड़के भीषण हादसा हुआ। कॉलोनी स्थित एक घर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करने के दौरान शॉर्ट सर्किट होने आग लग गई, जिससे छह लोगों की जलकर मौत हो गई।

# उद्घाटन से पहले ही ट्रैफिक मित्र रोबोट के साथ तोड़फोड़

## अज्ञात बदमाशों ने तोड़े हाथ और डिस्प्ले

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र के ब्रिलियंट औरा चौराहे पर भविष्य की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए लगाए गए ट्रैफिक मित्र रोबोट को अज्ञात उपद्रवियों ने निशाना बनाया। बदमाशों ने रोबोट के हाथ और मुख्य डिस्प्ले में तोड़फोड़ कर उसे पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे उसका संचालन ठप हो गया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी इमरान पिता लतिफ बैग निवासी पार्श्व कुंज, खजराना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके कॉलेज के प्रोफेसरों और छात्रों ने मिलकर इस ट्रैफिक मित्र रोबोट का निर्माण किया था। नगर निगम इंदौर के सहयोग से इसे गत 10 मार्च को ब्रिलियंट औरा चौराहे पर स्थापित किया गया था। शहरवासियों को समर्पित करने के लिए इसका निकट भविष्य में भव्य उद्घाटन होना तय था, लेकिन उससे पहले ही बदमाशों ने इसे क्षतिग्रस्त कर दिया।घटना का पता 13 मार्च को चला, जब रोबोट ने काम करना बंद कर दिया। फरियादी इमरान और नगर निगम झोन-07 के उपयंत्री राकेश शर्मा ने जब मौके पर जाकर तकनीकी जांच की, तो पाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रोबोट के मैकेनिकल हाथों और उसमें लगी कीमती डिजिटल डिस्प्ले के साथ तोड़फोड़ की है। तोड़फोड़ के कारण रोबोट का सॉफ्टवेयर और सेंसर सिस्टम भी प्रभावित हुआ है।हीरानगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस चौराहे और आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि इस हरकत को अंजाम देने वाले शरारती तत्वों की पहचान की जा सके।

# दो स्थानों पर चोरी की वारदातें, मकान और दुकान को बनाया निशाना

**इंदौर।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। एमआईजी और सराफा थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने मकान और दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित अनूप नगर के अमन अपार्टमेंट में रहने वाले हार्दिक खंडेलवाल के किराए के मकान में दिन के समय अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाश दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, चार कंगन, दो जोड़ी टॉप्स, चांदी की पायल, बिछिया, दो घड़ियां और करीब 6 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। वहीं सराफा थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदात सामने आई है। उषा नगर एक्सटेंशन निवासी प्रदीप वाधवानी की एमटी क्लॉथ मार्केट स्थित दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। बदमाश दुकान का ताला खोलकर अंदर घुसे और रेडीमेड ब्लाउज के दो गट्ठे, जिनकी कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई जा रही है, चुरा ले गए। दोनों ही मामलों में पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर कब्जा, दस्तावेज मांगने पर जान से मारने की धमकी

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के खरीदे हुए मकान पर आरोपियो ने ताला तोड़कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जब पीड़ित अपना हक और मकान के दस्तावेज मांगने पहुंचा, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने इस मामले में पिता और उसके तीन बेटों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना खातीपुरा क्षेत्र की है। फरियादी कैलाश पिता बालुजी गेहलोत (55), निवासी नर्मदा कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने खातीपुरा मकान नंबर 177/2 में एक मकान खरीदा है। गत 13 मार्च की रात जब घर पर कोई मौजूद नहीं था, तभी आरोपी किशोर पड़ोले और उसके बेटे संदीप पड़ोले, अमित पड़ोले व एक अन्य सदस्य ने मिलकर मकान का ताला तोड़ दिया और अवैध रूप से अंदर घुसकर कब्जा जमा लिया। पीड़ित कैलाश ने जब आरोपियों से अपना मकान खाली करने को कहा और अपने ओरिजनल दस्तावेज मांगे, तो आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया। कैलाश का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें गालियां दीं और डराते हुए कहा कि आइंदा यहाँ नजर आए या मकान मांगा, तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।

# बुआ की बेटी ने एडिट कर इंस्टाग्राम पर डाली युवती की आपत्तिजनक फोटो

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपनी ही बुआ की बेटी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोप है कि बहन ने पीड़िता की फोटो को किसी अन्य लड़के के साथ एडिट कर उसे बदनाम करने की नीयत से इंस्टाग्राम पर सार्वजनिक कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि यह विवाद गत 26 फरवरी की शाम करीब 5:00 बजे शुरू हुआ। पीड़िता को पता चला कि उसकी बुआ की बेटी ने उसकी एक फोटो को किसी अनजान लड़के की फोटो के साथ आपत्तिजनक तरीके से एडिट किया और उसे इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुँचाने और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के उद्देश्य से यह घिनौनी हरकत की गई।घटना की जानकारी मिलने पर जब पीड़िता ने आरोपी बहन से फोटो डालने के संबंध में पूछताछ की और उसे हटाने को कहा, तो वह आगबबूला हो गई। आरोपी युवती ने पहले तो साफ इनकार कर दिया और फिर अभद्रता करते हुए कहा, मैंने फोटो नहीं डाले हैं, तुझे जो करना है कर ले, तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता को डराते हुए धमकी दी कि अगर ज्यादा होशियार बनी, तो तुझे और तेरे घर वालों को जान से मरवा दूंगी।

**विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी**

# मेट्रो ट्रेन के निरीक्षण के लिए आई टीम का दौरा पूरा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** रेडिसन चौराहा तक मेट्रो ट्रेन का संचालन करने के लिए निरीक्षण करने आई टीम का दौरा पूरा हो गया है। अब मेट्रो ट्रेन की नए क्षेत्र में सफर की शुरूआत जल्द ही हो सकेगी।

इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी द्वारा प्रायोरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण 15 से 18 मार्च तक पूरा कर लिया गया है। यह निरीक्षण मेट्रो के व्यावसायिक संचालन प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक सुरक्षा अनुमति प्राप्त करने की दिशा में अंतिम चरण है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया कि सीएमआरएस द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रमाणन प्राप्त होने के पश्चात इंदौर मेट्रो का व्यावसायिक संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जा सकता है। सुपर कॉरिडोर 2 से मालवीय नगर तक मेट्रो सेवा के विस्तार से इंदौर वासियों को सुगम, सुरक्षित, विश्वसनीय एवं



पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान सीएमआरएस टीम ने सुपर कॉरिडोर-3, सुपर कॉरिडोर-2, सुपर कॉरिडोर-1, भौरासला चौराहा, एमआर-10 रोड, आईएसबीटी, चंद्रगुप्त चौराहा, हीरानगर, बापट चौराहा, मेघदूत गार्डन, विजय नगर चौराहा तथा मालवीय नगर स्टेशनों सहित पूरे प्रायोरिटी कॉरिडोर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो प्रणाली के विभिन्न तकनीकी एवं सुरक्षा मानकों की सूक्ष्म जांच की गई।

सीएमआरएस टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान डिपो एवं रोलिंग स्टॉक (मेट्रो ट्रेनें), ट्रैक एवं टर्नआउट्स, सिग्नलिंग एवं ट्रेन कंट्रोल सिस्टम, थर्ड रेल पावर सप्लाई सिस्टम, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, दूरसंचार प्रणाली, ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस प्रक्रियाएँ, फायर सेफ्टी एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, स्टेशन प्रबंधन तंत्र, यात्री सुविधाएं, लिफ्ट-एस्केलेटर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि का गहन परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न खंडों पर ट्रेन ट्रायल रन, ब्रेकिंग टेस्ट, स्पीड ट्रायल, आपातकालीन निकासी व्यवस्था (इवैक्यूएशन ड्रिल), विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता तथा सिग्नलिंग सिस्टम की कार्यक्षमता का भी परीक्षण एवं अवलोकन किया गया। सीएमआरएस निरीक्षण मेट्रो के व्यावसायिक संचालन से पूर्व की अनिवार्य सुरक्षा प्रक्रिया है। इसके सफलतापूर्वक पूर्ण होने से विस्तारित इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर पर व्यावसायिक संचालन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस कॉरिडोर के प्रमुख स्टेशन शहर के महत्वपूर्ण आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों को जोड़ते हुए इंदौर को आधुनिक, सुरक्षित, तेज एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सुविधा प्रदान करेंगे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 153700 | 152200 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 245500 | 244650 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# अग्निकांड हुआ तो याद आए आवासीय कॉलोनी में हो रहे अवैध निर्माण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों पर मध्य प्रदेश शासन के नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सवाल खड़े किए हैं और नगर निगम की भूमिका को भी कटघरे में रखा है। उन्हें ऐसा तब कहना पड़ा जब वह ग्रेटर बृजेश्वरी में हुए अग्निकांड का जायजा लेने पहुंचे थे। उन्होंने इंदौर शहर में छोटे-छोटे आवासीय प्लाटों पर खड़े किए जा रहे चार-चार मंजिला भवन को भविष्य में इंदौर के लिए खतरा बताया साथ ही नगर निगम को सलाह दी कि वह भवन अनुज्ञा का पालन सख्ती के साथ करवाए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्लाट पर बहु मंजिला भवन बना और उनमें पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने पर कार सहित अन्य वाहन सड़क पर खड़ा रखना कभी भी बहुत अधिक नुकसानदेह साबित हो सकता है क्योंकि सड़कों पर वाहन गुजरने की जगह नहीं होने के कारण अग्निकांड सहित अन्य दुर्घटनाएं होने पर राहत पहुंचाने में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं जिससे कई लोगों की जान जा सकती है। बृजेश्वरी एक्सटेंशन कॉलोनी में भी सड़कों पर कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई दिखाई दी।

**विजयवर्गीय की चिंता लाजिमी, नगर निगम लापरवाह-** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की यह चिंता जायज एवं लाजमी है, क्योंकि शहर में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं होना नगर निगम महापौर और निगम आयुक्त की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। वर्तमान में कई रहवासी संघ ने कॉलोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण की शिकायतें निगम को की गई है, जिसमें यह बताया गया है कि लगातार भवन अनुज्ञा के विपरीत दो- मंजिलों का अवैध निर्माण किया जा रहा है। आमतौर पर जी प्लस टू की परमिशन आवासीय क्षेत्र में रहती है लेकिन यहां अवैध रूप से बहु मंजिला होटल बनाई जा रही है जिसके कारण पूरे शहर के आवासीय क्षेत्र में पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो चुकी है क्योंकि आवासीय प्लॉट पर बड़े-बड़े भवन तो निर्माण कर दिए गए हैं लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है इसी लापरवाही को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सवाल खड़े किए हैं और अवैध निर्माण को भविष्य के लिए खतरा बताया है।

– वर्तमान में नगर निगम के जोन क्रमांक 19, 8,7, 22 की कॉलोनी में भवन अनुज के विपरीत अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। यहां पर 10 फीट चौड़ी सड़क पर चार मंजिला आवासीय भवन का निर्माण किया गया है। सबसे अधिक अवैध निर्माण महालक्ष्मी नगर ,चिकित्सक नगर, निरंजनपुर पिंक सिटी, स्कीम नंबर 78 , स्कीम नंबर 94, स्कीम नंबर 74, सुखलिया, साईं विहार, श्रीनगर, ब्रजेश्वरी एक्टेशन, स्कीम नम्बर 140, अग्रवाल नगर, तिलक नगर सिहित शहर की ऐसी दर्जनों कालोनियां है जहां छोटे प्लाट पर चार-चार मंजिला भवन बना दिए गए हैं।

**खजराना चौराहे पर बनी नियमों के विपरीत इमारत-** अवैध निर्माण एवं भवन अनुज्ञा के विपरीत होने वाले निर्माण को रोकने की जिम्मेदारी नगर निगम के भवन अधिकारी और निरीक्षक की है यदि इस स्तर पर मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है तो महापौर, निगम आयुक्त की यह जिम्मेदारी बनती है लेकिन शहर में बेख़ौफ़ बगैर रोक-टोक अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। ताजा मामला खजराना चौराहे पर बनी व्यवसायिक इमारत का है जो ठीक चौराहे पर बना दी गई है। यहां व्यावसायिक इमारत बनाने से यातायात बाधित होगा इसके अलावा इमारत में आने वाले लोगों के वाहन कहां पार्क होंगे इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। फिलहाल इमारत निर्माणाधीन है जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इंदौर विकास प्राधिकरण का यह प्लांट बताया जा रहा है इस पर निर्माण की अनुमति कैसे जारी की गई यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है। इस तरह के सैकड़ो उदाहरण शहर में उंगलियों पर गिने जा सकते हैं लेकिन इन पर कार्रवाई करना नगर निगम के बस की बात नहीं है।

# गढ़कालिका मंदिर में उमड़ेगा भक्तों का सैलाब...



**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला मुख्यालय धार पर इंदौर-अहमदाबाद मार्ग स्थित देवी सागर तालाब के किनारे स्थित पहाड़ी पर गढ़ कालिका माता मंदिर है। यह मंदिर प्राचीन होने के साथ-साथ आस्था का केंद्र है। कई लोग देशभर से अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद माता जी के दर्शनार्थ यहां आते है, सालभर मन्नत पूरी करने वालों की आवाजाही बनी रहती है। पंवार परिवार की यह कुलदेवी है। धार के देवी मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। गुजरात, महाराष्ट्र से लेकर अन्य प्रांतों के लोग मन्नत के लिए यहां आते हैं। उल्टा स्वस्तिक बनाकर यहां से जाते है और मन्नत पूरी होने पर सीधा स्वास्तिक बनाते है, साथ ही अपनी मान्यतानुसार चढ़ावा भी अर्पित करते है। कई लोग अपनी कुलदेवी के रूप में इनका पूजन करते है। माताजी के दरबार में शारदीय नवरात्र में नौ दिन तक विभिन्न आयोजन होते हैं। खासकर सुबह कांकड़ा आरती और रात शयन आरती तक करीब पांच आरती नियमित रूप से होती है। इस मंदिर की देखभाल पंवार परिवार के सदस्यों द्वारा की जाती है। इनके द्वारा माताजी की सेवा वर्षों से की जा रही है।

# भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा धार के गढ़कालिका माता मंदिर पहुँचे...



**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विश्व विजेता भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा हाल ही में धार पहुंचे, जहाँ उन्होंने गढ़कालिका माता मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया,माता के दरबार में मत्था टेकने के बाद, वे उज्जैन के लिए रवाना हुए जहाँ भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे,भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा विश्वकप टी-20 जीतने के बाद मध्यप्रदेश के धार जिलाध्यक्ष मुख्यालय पहुंचे,जहाँ उन्होंने गढ़कालिका मंदिर में माता रानी के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर अपने उज्जवल भविष्य की कामना की, इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के पुत्र पार्थ पवार भी आए थे,धार में दर्शन के पश्चात तिलक वर्मा सीधे उज्जैन के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे और मंदिर समितियों द्वारा स्टार क्रिकेटर का आत्मीय स्वागत किया गया।.

# पटवारी ने की पीड़ित परिवार सदस्य से चर्चा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कल बंगाली चौराहा के समीप बृजेश्वरी एनेक्स में हुई आगजनी की घटना में 8 लोगों की मृत्यु के बाद पीड़ित परिवार के निवास पर पहुंचे। मृतक मुकेश पुंगलिया के पुत्र से पूरी घटना जानी और घटना पर दुःख जताया।

# नारी शक्ति उत्सव में 700 महिलाएं



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** फीनिक्स सिटाडेल मॉल में 'सिम्फनी ऑफ स्ट्रेंथ' के साथ नारी शक्ति का उत्सव मनाया, जिसमें 700 से अधिक महिलाओं ने की सहभागिता की। उन्नति सिंह ने उक्त जानकारी दी।

# कांग्रेसियों ने किया गुप्ता का सम्मान



**इंदौर।** अ.भा. कांग्रेस सद्भावना मंच के रानू मलोरिया ने बताया कि नववर्ष गुड़ी पड़वा पर समाजसेवी रवि गुप्ता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कपिलसिंह चौहान, सदाशिव यादव काका, रमेश बिंजवा, कैलाशचंद साहू, राजा कश्यप, आशीष यादव, प्रवीण सूर्यवंशी, अभिषेक मित्तल, आशीष गर्ग, मानिक मालवी, युसुफ अली, महेश खींचा मौजूद थे।

# विमल प्रजापत ने जीता स्वर्ण पदक

**इंदौर ।** हरियाणा के भिवानी में 14-15 मार्च को आयोजित 5वीं नेशनल मास्टर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में इंदौर के अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलक विमल प्रजापत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। विमल ने 65 किलोग्राम वजन वर्ग में कुल 125 किलोग्राम भार उठाकर यह उपलब्धि हासिल की।

विमल प्रजापत भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) के एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जो पहले भी कई बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का मान बढ़ा चुके हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विधायक रमेश मेंदोला, सदाशिव जोशी, डॉ. शरद नागर, दविंदर सिंह खनूजा, दिनेश पालीवाल, नरेंद्र पाटीदार, शैलेन्द्र जोशी, धर्मेन्द्र पालीवाल, सुमित पालीवाल, मनीष पालीवाल, विकास जोशी, जितेन्द्र स्वामी एवं चिराग जोशी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# गैस की कालाबाजी रोकने के लिए ज्ञान




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गैस सिलेंडरों की जमा खोरी और कालाबाजी रोकने के लिए जनहित पार्टी ने ज्ञापन सौंपा और मांग की कि काला बाजारी और जमाखोरी बंद हो जाएगी तो आम लोगों के साथ विद्यार्थियों और औद्योगिक संस्थान से लेकर अन्य संस्थानों को कमर्शियल और गैस सिलेंडर समय पर मिल जाएंगे। अभय जैन, डॉ. सुभाष बारोड़ मौजूद थे।

# पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में मैराथन दौड़



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पुलिस महाविद्यालय में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। नव आरक्षक प्रशिक्षुओं ने इस दौड़ में शिरकत की। मनोजकुमार गौड़, अजयकुमार, मौसम साक्य एवं महिला में प्रियंका मीणा, दीपाली सिलावट, पूजा परतेती विजेता रहे, जिन्हें अधीक्षक राजेन्द्रकुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने पुरस्कृत किया।

# जिला जेल में बंदियों के साथ खोला रोजा




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिला जेल में कल रोजा इफ्तार कार्यक्रम रोजेदार बंदियों के साथ किया। नासिर खान, सुरजीतसिंह चड्ढा, सरफराज अंसारी, देवेन्द्रसिंह यादव, आफताब खान, इमामुद्दीन तिगाला, शेख शाकिर मसूदी, रेहान शेख, सोहेल खलील, अख्तर हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेंद्र धारकर झोन 14**
**// जाहिर सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि आवेदक रूपेश गर्ग पिता प्रेमकुमार गर्ग, पूजा गर्ग पति रूपेश गर्ग के द्वारा झोन .... राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान / भूखंड नम्बर 354 उषा नगर एक्सटेंशन इंदौर पिन नं. 1001214574 संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 14**
**नगर पालिका निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेंद्र धारकर झोन 14**
**// जाहिर सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि आवेदक योगेश पिता श्री गोविन्ददास पसारी के द्वारा झोन 32 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान / भूखंड नम्बर - 97 दीपकुंज कॉलोनी ग्रेटर ब्रजेश्वरी इंदौर पिन नं. 1003114476 संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 32**
**नगर पालिका निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेंद्र धारकर झोन 14**
**// जाहिर सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि आवेदक श्रीमती निधि छाजेड़ पति सुरेन्द्र के द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान / भूखंड नम्बर -21-सी द्वारकापुरी (अंदर की ओर) इंदौर पिन नं. 1004566970 संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 14**
**नगर पालिका निगम इन्दौर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील मल्हारगंज इन्दौर**

क्रमांक / 1107/रीडर/26 इन्दौर, दिनांक 16/3/2026
R.C.M.S प्रकरण अ-6/2025-26

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुशरा बी पति स्व. मोहम्मद आशिक निवासी - 474, नूरानी नगर इन्दौर के द्वारा ग्राम छोटा बांगडदा स्थित भूमि पर भूमि सर्वे नं. 219/3 रकबा 1.874 हेक्टेयर में से रकबा 1.434 पर खातेदार भूमिस्वामी हुसैनी बाई बेवा स्व.डॉ मोहम्मद अनवर मो असलम मो आरिफ मो आशिक पिता डॉ. मोहम्मद अनवर के नाम पर दर्ज है। जिनमे से मो. आशिक पिता स्व.डॉ. मोहम्मद अनवर की मृत्यु दिनांक 30/06/2022 को होकर फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि पर वारिसानों के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 30/3/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील मल्हारगंज, इन्दौर**

# संजू को सीएसके का उपकप्तान बना सकते है धोनी

**चेन्नई।** भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 जिताने में अहम भूमिका निभाने के बाद संजू सैमसन अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक नया चैप्टर शुरू करने के लिए तैयार हैं। वह 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। सीएसके ने ऑक्शन से पहले सैमसन को 18 करोड़ रुपये की मोटी रकम पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से ट्रेड किया था। कई सालों तक आरआर की कप्तानी करने के बाद 31 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज सैमसन एक अलग सेटअप में हैं। सीएसकी की बागडोर ऋतुराज गायकवाड़ के पास है। हालांकि, सैमसन का रोल चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि दिग्गज विकेटकीपर एमएस धोनी अभी भी टीम में हैं, जिससे उनके विकेटकीपिंग के चांस पर असर पड़ सकता है। वहीं, सैमसन को सीएसके में शामिल करने के फैसले पर अपनी राय देते हुए पूर्व दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने इंडियन क्रिकेट लीडरशिप में पीढ़ीगत बदलाव को हाईलाइट किया




और इसे फ्रेंचाइजी के इस कदम से जोड़ा। उनका मानना है कि सैमसन को चेन्नई का उपकप्तान बनाया जाना चाहिए, जिसके लिए पूर्व स्पिनर ने जबर्दस्त वजह बताई।

### सैमसन का आना एक शानदार कदम है

टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच कुंबले ने कहा, इंडियन क्रिकेट में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आइकॉन रहे हैं। सुनील गावस्कर से सचिन तक, फिर विराट तक, और एमएस धोनी भी उस दौर का हिस्सा थे। एमएस धोनी और विराट कोहली के आने से पहले आपके पास राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ी थे जो अब भी उस आभा को बनाए हुए हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस लिहाज से संजू का आना सीएसके के लिए एक शानदार कदम है। सोने पे सुहागा यह है कि आईपीएल से पहले उनका शानदार फॉर्म था और उन्होंने लगातार तीन पारियों में धमाल मचाकर भारत के लिए वर्ल्ड कप जीता। पिछले कुछ सीजन में चेन्नई टीम को कप्तानी को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ा है। दरअसल, कप्तानी छोड़ने के बावजूद धोनी को चोटों या बदलावों के कारण कई बार टीम की कमान संभालनी पड़ी। इससे लीडरशिप स्ट्रक्चर बनाने में बार-बार चुनौती आती रही है।

# आसीबी के लिए विराट ने शुरू किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की तैयारी के लिए ज्यादातर फ्रेंचाइजी ने कैंप लगाए हैं और खिलाड़ी भी अब टीम से जुड़ने लगे हैं। आईपीएल का अगला सीजन 28 मार्च से शुरू होने वाला है, ऐसे में भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, भुवनेश्वर कुमार और देवदत्त पडिक्कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने अभियान की शुरुआत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए इन स्टार खिलाड़ियों के पहुंचने की पुष्टि की।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस साल डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में मैदान पर उतर रही है। पिछले सीजन उन्होंने पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था। विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और इस बार फ्रेंचाइजी उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी। विराट कोहली ने 267 आईपीएल मैचों में 8661 रन बनाए हैं। उन्होंने आठ शतक और 63 अर्धशतक लगाए हैं। वह आईपीएल के इतिहास में 9000 रन पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज बनने के करीब हैं। पिछले सीजन में 657 रन बनाने वाले कोहली इस बार और भी निडर होकर खेलने के लिए तैयार हैं।

स्विंग किंग के नाम से मशहूर भुवनेश्वर कुमार भी कैंप से जुड़ गए हैं। वह आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बनने के करीब हैं। स्टार बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल हाल ही में घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में थे। उनके फॉर्म में होने से बेंगलुरु की बैटिंग मजबूत हो गई है।

विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग के आने वाले 19वें सीजन की तैयारी एक सप्ताह पहले ही कर दी थी, जो 28



मार्च से शुरू होने वाला है। इंडिया और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस स्टार खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह नए सीजन की तैयारी के लिए नेट्स में ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। 39 साल के कोहली यूनाइटेड किंगडम में एक इनडोर ट्रेनिंग फैसिलिटी में प्रैक्टिस करते हुए अच्छे टच में दिखे, उन्होंने सेशन के दौरान कई दमदार शॉट खेले।

कोहली ने 2025 में आईपीएल टाइटल के लिए आरसीबी के लंबे इंतजार को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई। वह टूर्नामेंट में फ्रेंचाइजी के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने 15 पारियों में 144.71 के स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए। फाइनल में, आरसीबी ने 191 रन के टोटल का सफलतापूर्वक बचाव करने के बाद पंजाब किंग्स को छह रन से हराया। कोहली ने खिताबी मुकाबले में अपनी टीम के लिए 35 गेंदों पर 43 रन बनाकर टॉप स्कोर किया।

# इंदौर वांडरर्स की चार महिला खिलाड़ियों का फेडरेशन कप हेतु मध्य प्रदेश टीम में चयन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सतना मध्य प्रदेश में आयोजित महिला एवं पुरुष सीनियर फेडरेशन कप 19 से 22 मार्च तक कबड्डी चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश महिला कबड्डी टीम का चयन कर लिया गया है। इस टीम में इंदौर वांडरर्स, इंदौर की चार महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है इंदौर के खेल इतिहास के लिए गर्व और सम्मान की बात है।

मध्य प्रदेश टीम में चयनित महिला खिलाड़ियों में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कंचन दीक्षित, मुस्कान शर्मा, प्रीति पाल एवं मनीषा आवासिया शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते मध्य









प्रदेश की महिला टीम ने इस वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम ने अन टीम आठ में प्रवेश किया था जो इनकी प्रतिभा और मेहनत को दर्शाता है।

### चयन होने पर मिली बधाई

इंदौर वांडर्स परिवार की ओर से मुख्य संरक्षक दीपक जोशी, पिंटू, संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र सिंगल, चेयरमैन रमेश सैन, महासचिव धनंजय शर्मा, सचिव प्रकाश गौड़ , गोरधन गहरवाल, ब्रजेश बागौरा, अनिल गौड़, विदूषी व्यास उज्ज्वला गडवशीं सहित समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने चयनित महिला खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बुमराह के 'घाटे' की भरपाई करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट स्ट्रक्चर को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। केन्द्रीय अनुबंध हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को क्या करना होता है और किन नियमों का उल्लंघन करने पर कॉन्ट्रैक्ट गंवा सकते हैं?

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में वर्ष 2025-26 के लिए पुरुष एवं महिला खिलाडियों के लिए केंद्रीय अनुबंध की नई सूची जारी की। बोर्ड ने इस बार पुरुष वर्ग में 30 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है तो महिलाओं में 21 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। हालांकि इस बार बीसीसीआई ने सात करोड़ की रिटेनरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है , जोकि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर शुरू की गई थी। अब तक कोहली, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी का हिस्सा थे लेकिन बोर्ड ने इसे हटाने का फैसला किया, हालांकि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्योंकि बुमराह तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसके कारण बोर्ड उनके अनुबंध को लेकर दोबारा विचार कर रहा है। बुमराह अब ए श्रेणी में खिसक गए हैं। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अपनी रिटेनरशिप प्रणाली के तहत चुनिंदा भारतीय क्रिकेटरों को सालाना केंद्रीय अनुबंध देता है।

### जसप्रीत बुमराह को हुआ दो करोड़ का नुकसान?

जसप्रीत बुमराह जारी केन्द्रीय अनुबंध से पहले ग्रेड ए प्लस का



हिस्सा थे, जिसे अनुबंध के तहत सात करोड़ रुपये मिलते थे। हालांकि इस बार बोर्ड ने इसे हटा दिया है, क्योंकि धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी और इसमें अब तक कोहली, रोहित, जडेजा और बुमराह बने हुए थे। लेकिन क्योंकि रोहित, कोहली दो फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं, जबकि जडेजा टी20 से रिटायर हो चुके हैं, ऐसे में बोर्ड ने ए प्लस कैटेगरी को खत्म करने का फैसला किया। हालांकि इससे सबसे ज्यादा नुकसान जसप्रीत बुमराह को हुआ, जोकि नियमित तीनों फॉर्मेट का हिस्सा रहे हैं, ऐसे में बुमराह के नुकसान की भरपाई के लिए बोर्ड दो करोड़ मुआवजा देने का विचार कर रहा है।

टीम इंडिया सालाना केंद्रीय अनुबंध (अक्टूबर 2025 से 30 सितंबर 2026 )

### ग्रेड ए : शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा

ग्रेड बी : वॉशिंगटन सुंदर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर

ग्रेड सी : अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरेल, हर्षित राणा, वरूण चक्रवर्ती, नीतिश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साइ सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़

# 10 किलो से अधिक गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**लक्ष्मीबाई नगर में बिछाया था जाल**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लक्ष्मीबाई नगर क्षेत्र में घेराबंदी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 10 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई है।

क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लक्ष्मीबाई नगर स्थित टीन शेड वाले सीमेंट गोदाम के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को रोका, जो दोपहिया वाहन पर काले रंग का बैग लिए किसी का इंतजार कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम करण केवट निवासी इंदौर बताया। पुलिस ने जब करण के बैग की तलाशी ली, तो उसमें 10 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा पाया गया। पुलिस ने मौके से गांजे के अलावा तस्करी में इस्तेमाल किया जा रहा एक मोबाइल फोन और दोपहिया वाहन भी जब्त किया है। कुल जब्त मशरूका की कीमत 2 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

# टक्कर से युवक की मौत

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना 10 मार्च को दोपहर करीब 2:30 से 3 बजे के बीच राऊ बायपास रोड स्थित अवध वाटिका कॉलोनी के टर्निंग के पास, बल्ले-बल्ले ढाबे से पहले हुई। वाहन नम्बर एमपी 09 क्यूपी 6637 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए 19 वर्षीय आयुष यादव निवासी कैलोद, देवास नाका को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में शासन की ओर से प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी की रिपोर्ट पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश और मामले की जांच जारी है।

# व्यापारियों की केबल कटी तो दुकानदार पर लगाया आरोप

## सराफा में मचा हंगामा, पुलिस को शिकायत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सराफा में कल उस वक्त हंगामा मच गया, जब एक मल्टी के कई व्यापारियों की नेट सहित अन्य केबल काट दी गई। व्यापारियों का आरोप था कि एक दुकानदार ने उनकी केबल काट दी है, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। इस मामले की शिकायत सराफा पुलिस तक भी पहुंची है।

बड़ा सराफा स्थित अनिल ज्वेलर्स पर कल उस वक्त हंगामा मच गया जब ज्वेलर्स दुकान के बाहर से जा रही केबले काट दी गई। मल्टी और आसपास के व्यापारियों ने इसका विरोध किया। विवाद बढ़ा तो मामला सराफा थाना पहुंचा, जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। इस मामले में व्यापारियों ने दुकानदार के खिलाफ सराफा पुलिस को शिकायत भी की है। बताया जा रहा है दुकानदार पहले भी कई विवादों में पड़ चुका है।



# ऑटो चालक ने की मारपीट

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में एक ऑटो चालक द्वारा गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फ्लिपकार्ट होलसेल (बेस्ट प्राइस) परिसर में ऑटो नम्बर एमपी 09 आरए 2806 के चालक ने फरियादी अक्षय गुप्ता निवासी झांसी (हाल मुकाम भोलाराम मार्ग, इंदौर) के साथ अभद्रता करते हुए गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। राऊ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 8.50 लाख रुपये

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में साइबर अपराध का एक बड़ा मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने एक व्यक्ति को अपने जाल में फंसाकर उसके दो अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से करीब साढ़े आठ लाख रुपये पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, फरियादी रोहित पिता रमेशचंद्र विजयवर्गीय निवासी आस्कर टाउनशिप, बिचौली ने थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। रोहित के मुताबिक, अज्ञात साइबर ठगों ने मोबाइल नंबर 8670311514 और 9931889689 के माध्यम से उनसे संपर्क किया और चालाकी से उनके क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपियों ने उनके अमेरिकन एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड से 6,90,474 रुपये और एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 1,68,550 रुपये निकाल लिए। फरियादी के अनुसार, दोनों क्रेडिट कार्डों को मिलाकर कुल 8,59,024 रुपये की अवैध निकासी की गई है। मोबाइल पर ट्रांजैक्शन के मैसेज आने के बाद रोहित को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने पुलिस की शरण ली।

# 20 अपराधों का रिकॉर्ड... जिलाबदर के बाद भी शहर में जमाए था डेरा, पुलिस ने दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिला बदर होने के बावजूद आरोपी शहर की सीमा में बेखौफ घूम रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया और आदेश के उल्लंघन पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।



पुलिस के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी नागेश वाघ पिता देवदास निवासी शिवाजी नगर, हाल पताः विश्रांति चौराहा के पास एक आदतन अपराधी है। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन ने उसे 31 दिसंबर 2025 से तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर घोषित किया था। नियमानुसार उसे इंदौर राजस्व सीमा से बाहर रहना था, लेकिन वह गुपचुप तरीके से शहर में ही घूम रहा था।थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि आरोपी नागेश वाघ एक शातिर बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व में मारपीट, अवैध वसूली और डराने-धमकाने जैसे कुल 20 गंभीर अपराध दर्ज हैं। क्षेत्र में उसकी दहशत को खत्म करने के लिए ही जिला बदर की कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसने सरकारी आदेश की अवहेलना की। मुखबिर से सटीक सूचना मिलने पर परदेशीपुरा पुलिस की टीम ने विश्रांति चौराहा क्षेत्र में दबिश देकर नागेश को धरदबोचा। आरोपी द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 14 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# महिला से मारपीट

## ससुराल पक्ष पर केस दर्ज

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके पति और ससुराल पक्ष द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी जीनत खान (26) निवासी स्वामी दयानंद नगर देर रात एक पारिवारिक कार्यक्रम से घर लौटी थी। इसी दौरान पति शोयब खान, ससुर रईश खान और सास फरीदा खान ने उसे लेकर विवाद शुरू कर दिया और गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे उसके मुंह और बाएं कंधे के नीचे चोट आई। इतना ही नहीं, आरोप है कि ससुराल पक्ष ने महिला के पहने हुए आभूषण भी वापस ले लिए और थाने में शिकायत करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर के पास घूमने से टोकने पर युवक की पसली में मारा चाकू

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के बाद मारपीट और हमले का मामला सामने आया है। घर के बाहर संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों को टोकना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए फरियादी पर चाकू से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना निरंजनपुर स्थित चद्दर बस्ती की है। फरियादी अनिल पिता प्रभाकर तायडे ने शिकायत दर्ज कराई है कि क्षेत्र में ही रहने वाले दो युवक, आकाश और सत्री साल्वे, उनके घर के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे थे। अनिल ने जब उनसे सामान्य रूप से पूछा कि तुम यहाँ किसे ढूंढ रहे हो?, तो दोनों युवक अचानक भड़क गए और गालियां देने लगे।विवाद इतना बढ़ा कि जब अनिल ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी आकाश ने अपने पास रखी किसी चाकूनुमा नुकीली चीज से अनिल पर हमला कर दिया। हमला अनिल की बाईं तरफ पसली में लगा, जिससे वे लहूलुहान हो गए। जब अनिल ने शोर मचाया, तो आरोपी सत्री साल्वे ने भी उन्हें पकड़ लिया और हाथ-मुक्कों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया।शोर सुनकर आसपास के लोग जमा होने लगे, जिन्हें देख दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने अनिल को धमकी दी कि आज तो बच गया, आइंदा दिखा तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। लसूड़िया पुलिस ने अनिल की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

# घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

**इन्दौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक मनचले द्वारा घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने विरोध करने पर युवती को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना आलापुरा जूनी क्षेत्र की है। 18 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि दो दिन पहले दोपहर करीब 1:00 बजे वह अपने घर पर थी, तभी क्षेत्र का ही रहने वाला आरोपी अक्षय उर्फ भय्यू निवासी आलापुरा जबरन उसके घर में घुस आया। आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाकर युवती को बुरी नीयत से पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता ने आरोपी का विरोध किया और हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को धक्का देकर शोर मचाया तो खुद को घिरता देख आरोपी अक्षय ने जाते-जाते युवती को धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूंगा।इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।